# इंटरनेशनल ट्रेड शो में नए यूपी की झलक देखेगी दुनिया

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच तीसरे ग्रैंड मेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)-2025 का आयोजन करने जा रही है। इस मेगा इवेंट की कमान 35 विभागों के नोडल अधिकारियों को सौंपी गई है।

50 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में होने वाले इस आयोजन में 12 प्रमुख श्रेणियों में 48 स्टेकहोल्डर प्रदर्शनी लगाएंगे। इसका उद्देश्य प्रदेश को व्यापार, निवेश, उद्यमिता

### ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक होने वाले शो में दिखेंगे जीआई टैग उत्पाद

और सांस्कृतिक विरासत के ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करना है। ट्रेड शो के जरिये प्रदेश की बहुआयामी क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। शो में यूपीसीडा, गीडा, यीडा, एमएसएमई, कृषि, ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण,

## मलिहाबाद के आम और बनारसी साड़ी का दिखेगा जलवा

ट्रेड शो में प्रदेश के जीआई टैग और ओडीओपी की अहम भूमिका रहेगी। इसमें आगरा का पेठा, मलिहाबाद का आम, मुरादाबाद का ब्रास, बनारस की साड़ी, भदोही की कालीन, लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश किया जाएगा। शो में सीएम योगी के वोकल फॉर लोकल विजन को साकार करते हुए इन उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक खरीदारों से जुड़ाव स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

डेयरी, पशुपालन, खादी, एमएसएमई आदि विभागों की सक्रिय भागीदारी होगी। ट्रेड शो में प्रदर्शनी को 12 श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें इंडस्ट्री, एमएसएमई, कृषि एवं संबद्ध उद्योग, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, पर्यटन, परिवहन, ईवी तथा वित्त शामिल हैं। सिर्फ एमएसएमई सेक्टर ही 15700 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रदर्शनी लगाएगा, जो इस सेक्टर की ताकत और विविधता को दर्शाता है।